सत्यमेव जयते

सप्तदश

बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग–1

सोमवार, तिथि $\frac{\text{10 फाल्गुन, 1942 (श०)}}{\text{01 मार्च, 2021 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या **02**

(1)	सामान्य प्रशासन विभाग	01
(2)	उद्योग विभाग	01
	कुल योग --	02

राज्यकर्मियों को प्रोन्नति देना

20. <u>श्री राज कुमार सिंह</u>--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश ज्ञापांक 5066, दिनांक 11 अप्रील, 2019 द्वारा बिहार के सभी राज्यकर्मियों की प्रोन्नति हेतु विभागीय प्रोन्नति समितियों की बैठक को अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है जिससे राज्यकर्मियों के प्रोन्नति योग्य सभी पदों यथा 20,000 से अधिक पर प्रोन्नतियाँ बाधित हैं और इससे कर्मियों को आर्थिक क्षति के साथ-साथ राज्य सरकार के कार्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त वर्णित सामान्य प्रशासन विभाग का आदेश 5066, दिनांक 11 अप्रील, 2019 द्वारा बाधित प्रोन्नति का आधार किसी सक्षम न्यायालय के आदेश के कारण नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिहार के राज्यकर्मियों को प्रोन्नति देने की प्रक्रिया कबतक प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विशेष पैकेज देना

21. <u>श्री अजीत शर्मा</u>--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में लॉकडाउन के चलते भागलपुर सहित पूरे राज्य के बुनकरों का काम धंधा बंद हो गया है जिसके कारण वे भूखों मरने की स्थिति में हैं, यदि हाँ, तो सरकार राज्य के बुनकरों के लिये विशेष पैकेज देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

<u>प्रभारी मंत्री</u>--आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । मौजूदा हालात के मद्देनजर राज्य सरकार द्वारा बुनकरों को कार्यशील पूँजी दिये जाने हेतु राज्य योजना मद से वित्तीय वर्ष 2020-21 में कार्यरत बुनकरों के कल्याणार्थ कार्यशील पूँजी उपलब्ध कराने की योजना प्रक्रियाधीन है ।

पटना :
दिनांक 1 मार्च, 2021 (ई0) ।

राज कुमार सिंह,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0, 110(एल0ए0), 2020-21-डी0टी0पी0-550